FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 7 विषय : हिन्दी

PAPER CODE : 7013 पूर्णांक : 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L-715 - विविध कलाओं जैसे- हस्तकला, वास्तुकला, खेती-बाड़ी, नृत्यकला आदि से जुड़ी सामग्री में प्रयुक्त भाषा के प्रति जिज्ञासा व्यक्त करते हुए उसकी सराहना करते हैं।

गतिविधि 1. कटपुतली

इस चित्र को देखकर निम्नाँकित जानकारी लिखिए –

छात्र राजस्थान की प्रचलित कठपुतली का चित्र अपने स्क्रैप बुक में चिपकाते है उसके पश्चात् इस कला के विषय में प्रमुख बातें और चिपकाये हुए चित्र के विषय में 5 बिन्दु लिखते है।

गतिविधि 2. क्षेत्र के लोकनृत्य

छात्र अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक नृत्यों के चित्र एक चार्ट पेपर पर चिपकाते है। अलग–अलग नृत्यों के लिए उपयोग में लाए जाने वाले वाद्य यंत्रों का चित्र भी साथ में चिपकाकर उन नृत्यों की विशेषताऐं लिखते है।

गतिविधि 3. समाचार पत्रों से

शिक्षक छात्रों को समाचार पत्रों से ऐसी घटनाओं को काटकर चार्ट पेपर पर चिपकाने को कहते है जो लागों को प्रेरित करते है। इस प्रकार के समाचारों के लिए छात्र उपयुक्त शीर्षक भी लिखते है।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-705 - अपने परिवेश में मौजूद लोक कथाओं और लोकगीतों के बारे में चर्चा करते हैं और उनकी सराहना करते हैं।

गतिविधि 4. दादी की लोककथा

अपनी दादी से सुनी हुई एक लोक कथा लिखे और उसके अनुसार चित्र बनाये।

गतिविधि 5. चित्र देखकर बताएं

छात्र कक्षा में विभिन्न स्थापत्य कला के उदाहरण के चित्र लेकर आते है। समूहों में छात्र इन चित्रों को प्रदर्शित कर अन्य समूहों से उनकी जानकारी पूछते हैं। सही उत्तर देने पर उन्हें पुरस्कार दिया जाता है।

गतिविधि 6. गौरैया

छात्र गौरैया का चित्र कक्षा में लेकर आते है और इस पक्षी की विशेषताओं की चर्चा के बारे में समूह में बातचीत करते है। गौरेया के घोसलें, अण्डे एवं रहने के स्थान संबंधित चित्र एकत्रित करते है।